हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण 14



जीवनदीप समिति की बैठक सम्पन्न... 13





## खबर संक्षेप

### कार में अज्ञात लोगों ने लगाई आग, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** घर के बाहर खड़े कार मे अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन अज्ञात लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 3(5), 326(ह) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। बुढापारा पाररास वार्ड 20 निवासी दवेन्द्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि रोज की तरह 01 दिसंबर को मेरे ब्रेजा कार को घर के बांड्री अंदर गैरेज में शाम 06.30 बजे खडी कर घर में था, रात्रि में 09 बजे करीबन घर के बाहर आवाज आया तब मेरी पत्नी गायत्री बाई साहू ने घर से बाहर निकल कर देखी तो मेरे कार सीजी 24 डब्लू 7166 में आग लगी हुई थी घर के मोटर पम्प से पत्नी के साथ मिलकर आग को बुझाये है। मेरी कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है, मौका घटना स्थल पर एक लीटर का डब्बा पडा हुआ है जिसमें पेट्रोल का गंध आ रहा है। प्रार्थी ने बताया घटना दिनांक को शाम 06 बजे करीबन तीन अज्ञात लडके घर में आये थे, जो भईया कार के संबंध में पूछ रहे थे, तब मैं कार से बाहर गया हुआ था। तब वे वापस चले गये। वे तीनों शाम 06.45 बजे मै घर में पुनः आए जिनमे दो अज्ञात लडके मेरे घर के गेट के पास खडे थे, एक अन्य व्यक्ति मोटर सायकल के साथ मेरे घर से 50 फीट दूरी पर खडा था, दो व्यक्ति ने मुझे बोला भईया तुम हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष व पत्रकार हो क्या बोला तब मैं हां में जवाब दिया। तब दोनो ने स्वयं को डौण्डी का रहने वाला बताया जो अपने क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरूद्ध पेपर में छपवाना चाहते थे व संगठन में शेष पेज 13 पर

# महाविद्यालय में जनजातीय संस्कृति पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन और व्याख्यान हुआ

हरिभूमि न्यूज बालोद

अर्जुन्दा महाविद्यालय में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत से किया गया। सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति से जुड़ी लघु फ़िल्म का प्रदर्शन एवं जनजातीय नायकों के योगदान पर व्याख्यान दिया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. दीपिका ने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत उनके समृद्ध सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को दर्शाता है। उनकी अनमोल धरोहर को संरक्षित करना और उनके योगदान को पहचान दिलाना न केवल उनके प्रति सम्मान व्यक्त करना है, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा भी है। कार्यक्रम की संयोजक दीपिका कंवर ने कहा कि जनजातीय समाज भारत के इतिहास और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल उनके रीति–रिवाजों और परंपराओं को दर्शाता है, बल्कि उनके ऐतिहासिक, सामाजिक शेष पेज 13 पर

## सरस्वती वंदना और राजकीय गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई



### अध्यात्म का प्रकृति से गहरा संबंध

जनजातीय विद्रोह ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और समाज को संगठित कर अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला आज भी उनके पारंपरिक ज्ञान और सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रियाएं आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। जनजातीय समाज की धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराएं प्रकृति के साथ गहरा संबंध रखती हैं। उनकी मान्यताएँ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के सिद्धांतों के साथ मेल खाती हैं। उनके द्वारा की जाने वाली पूजा, त्योहार और अनुष्ठान, जो प्राकृतिक तत्वों जैसे पर्वत, नदियां, वृक्षों की पूजा पर आधारित हैं, जो हमें प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान का संदेश देते हैं। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीति धुरवे, डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति, ग्रंथपाल अनिल नागवंशी, समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## कार्रवाई

### शराब को लेकर हुए विवाद में हुई हत्या, मृतक और आरोपी दोस्त थे

# अंधे कत्ल का खुलासा: बेल्ट से कसकर की थी युवक की हत्या, आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज बालोद

थाना अर्जुन्दा अंतर्गत ग्राम अर्जुन्दा में हुए अंधे कत्ल में पुलिस ने खुलासा किया है, आरोपी ने मृतक के गले में चमड़े के बेल्ट से कसकर हत्या की थी। हत्या का आरोपी पवन कुमार कंवर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। घटना के बाद से पुलिस द्वारा लगातार गांव में कैंप किया गया। सीसीटीवी फुटेज से आरोपी का सुराग मिला।

■ सीसीटीवी और लोकल सूचनाओं से पुलिस को मिला आरोपी का सुराग

30 नवंबर को अर्जुन्दा अंडा दुकान के बाजू में दूर्गेश देवांगन की लाश मृत अवस्था में मिली थी। जिसकी सूचना पर थाना अर्जुन्दा व साइबर सेल की टीम ने घटना स्थल पुलिस डॉग स्क्वॉड एवं एफ.एस.एल. वैज्ञानिक अधिकारी ने बारीकी से निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञों के राय उपरांत प्रथम कृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने से थाना अर्जुन्दा में मर्ग कायम कर प्रकरण में धारा 103 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने बताया कि थाना अर्जुन्दा व सायबर सेल की विशेष टीम गठित किया गया। उक्त टीम को विवेचना क्रम में ज्ञात हुआ कि दादू उर्फ दूर्गेश देवांगन पिता संतोष देवांगन अर्जुन्दा जो लवली बिरयानी सेन्टर का संचालक का बेटा था, अपने स्कूल का दोस्त ग्राम तेलीटोला थाना सूरेगांव जिला बालोद निवासी पवन कुमार कंवर पिता अग्र कुमार 27 वर्ष के साथ आकर बिरयानी खाने के लिये बाहर फर्स से बने चबुतरा में बैठा था, दोनों शराब पीलाने की बात को लेकर आपस में बहस होते है और पवन कुमार कंवर के द्वारा अपने पास रखे चमड़े के बेल्ट से दादू उर्फ दूर्गेश देवांगन को गला में फंसाकर गला कसकर मृत्यु कारित कर दिया और चुपचाप मृतक दादू उर्फ दूर्गेश देवांगन को फर्स से बने बैठने वाले पत्थर पर सुलाकर आरोपी पवन कुमार कंवर चुपचाप बिरयानी लिखा हुआ ठिहा में जा कर सो जाता है।

प्रकरण में लोकल संसूचना एवं सीसी टीव्ही फुटेज के आधार पर बिरयानी सेंटर में आने जाने वाले व्यक्ति की पहचान कर एवं मृतक से बैठे हुऐ व्यक्ति की पहचान कर सभी से पुछताछ करने से यह ज्ञात हुआ कि आरोपी पवन कुमार कंवर के द्वारा मृतक दादू उर्फ दूर्गेश देवांगन का हत्या करना स्वीकार किया। अपराध सबूत पाये जाने पर 03 दिसंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

## पुलिस ने 72 घंटे में पकड़ा आरोपी




# वृद्ध महिला को कुचलने वाला ट्रक चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालोद

ग्राम मेढ़की में वृद्ध महिला को कुचलने वाले आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

प्रार्थी हिमांषु साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 नवंबर को मेढ़की चौक ग्राम मेढ़की करीबन 01 बजे मकतुला बाई साहू ग्राम सभा की बैठक में शामिल होने जा रही थी। उसी समय ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए.एफ. 8199 के चालक ग्राम मेढ़की निवासी लेखराम ठाकुर ने अपने ट्रक से ग्राम बघमरा से ग्राम मेढ़की चौक तरफ लाकर मोड़ते हुए मकतुला बाई साहू को अपने ट्रक से ठोकर मार दीये, जिससे मकतुला बाई साहू ट्रक के नीचे आ गई, तभी आस पास के लोगो ने ट्रक को रोकने के लिये आवाज लगाए तभी ट्रक चालक लेखराम ठाकुन ने अपने ट्रक को रिवर्स करने लगा। जिस कारण मकतुला बाई ट्रक के सामने टायर मे दब गई तब ट्रक चालक मकतुला बाई को ट्रक के नीचे घसीटते हुए कुछ दुर ले गये, जिससे मकतुला बाई के शरीर मे गंभीर चोंट लगने से मकतुला बाई की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। प्राथएँ की रिपोर्ट पर थाना शेष पेज 13 पर

■ मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि, ट्रक और लाइसेंस जप्त



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## खबर संक्षेप

### फार्चूनर कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** सड़क हादसे में 12 वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में अमलेश्वर थाना पुलिस ने फार्चूनर कार चालक के खिलाफ धारा 184, 106, 125, 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हर्षित नियो सिटी अमलेश्वर निवासी फार्मा कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत वैभव शास्त्री उम्र 32 साल पिता रमेश चंद्र शास्त्री ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर दोपहर करीबन 2 बजे वे अपने घर हर्षित नियो सिटी से निकल कर सड़क पर पहूंचे थे। तभी देखा कि दो बच्चे टांकेश्वर साहू पिता रोहित साहू एवं प्रहलाद यदु पिता ईश्वर यदु दोनों एक ही साइकिल से अमलेश्वर तरफ से आ रहे थे। साइकिल को टांकेश्वर चला रहा था। जब हर्षित नियो सिटी के पास पहुंचे और डिवाईडर मोड़ के पास हर्षित नियो सिटी के तरफ आने लगे तभी मोतीपुर तरफ से आ रही फार्चूनर कार क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 9300 के चालक द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दोनों बच्चों को ठोकर मार दी। इससे दोनों बच्चे वहीं गिर गये। घायलों को उपचार के लिए रायपुर के वात्सल्य हास्पिटल व मेकाहारा ले गए।

### शहर में 6.30 करोड़ से होंगे विकास कार्य, मिली स्वीकृति

**भिलाई।** भिलाई ननि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सांसद विजय बघेल ने 6 करोड़ 30 लाख की राशि स्वीकृत प्रदान की है। यह स्वीकृति भिलाई नगर निगम के पार्षदगणों द्वारा प्रस्तुत मांगों और जनहित में आवश्यक विकास गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए दी गई। स्वीकृत राशि का उपयोग सड़क एवं नाली निर्माण, पेयजल एवं जलनिकासी सुधार, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए किया जाएगा। सांसद विजय बघेल ने जनसेवा एवं क्षेत्रीय विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। सांसद ने बताया कि इस प्रक्रिया में उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का सक्रिय सहयोग महत्वपूर्ण रहा। भिलाई नगर निगम के पार्षदों ने सांसद एवं उपमुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति भिलाई के विकास के प्रति जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### ब्लॉस्ट फर्नेस-7 में अब तक का सर्वोच्च हॉट मेटल उत्पादन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-7 ने नवंबर 2025 में 1,30,210 टन हॉट मेटल उत्पादन दर्ज करते हुए अब तक का मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। ब्लॉस्ट फर्नेस-7 ने मार्च 2025 में दर्ज रिकॉर्ड 1,30,183 टन के सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन को पीछे छोड़ते हुए नया उत्पादन कीर्तिमान बनाने में सफलता प्राप्त की। ब्लास्ट फर्नेस-7 ने नवंबर 2025 में 2.10 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन की सर्वोच्च हॉट मेटल उत्पादकता दर्ज की, जो मार्च 2025 में प्राप्त 2.07 टन प्रति घन मीटर प्रतिदिन के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

### राष्ट्रीय जूनियर थ्रोबॉल बालक एवं बालिका टीम घोषित

**भिलाई।** बदलापुर, महाराष्ट्र में 5 से 7 दिसंबर तक 35 वी जूनियर राष्ट्रीय थ्रोबाल प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय थ्रोबाल संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र थ्रोबाल संघ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भारत वर्ष के 26 राज्यों की बालक टीम एवं 24 राज्यों की बालिका टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य की बालक एवं बालिका वर्ग की टीम का चयन रविवार 30 नवंबर को किया गया। चयनित सभी खिलाड़ियों को जर्सी आर के फिटनेस के द्वारा स्पॉन्सर किया गया। भारतीय थ्रोबाल संघ के अध्यक्ष श्री रमन साहनी, श्रीमती तुलसी साहू महामंत्री भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा अन्य पिछड़ा वर्ग, श्री हर्ष कुमार चांदेकर, श्री बब्बू मिश्रा जी, श्री प्रकाश सिंह परिहार, श्री राम अवतार अग्रवाल, भारतीय थ्रोबाल संघ के रेफरी बोर्ड के चेयरमैन श्रीकांत दास गुप्ता, छत्तीसगढ़ थ्रोबाल संघ के सचिव श्री पी. कामराजू, संजय वासु एवं सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक गहलोत, गौतम राव एवं आर के फिटनेस से रितेश जैन, खुशी कुमारी अभिषेक गुप्ता, पंकज गुप्ता, वीनू तमांग, हितेश रेड्डी एवं गौरव सुभा ने सभी खिलाड़ियों को कीट वितरित किया एवं पदक हासिल करने हेतु शुभकामनाएं दी।

---

**आयोजन**

**प्रभातफेरी रैली और देशभक्ति गीतों के साथ हुआ शिविर का शुरुआत**

# राष्ट्रीय सेवा योजना : नशामुक्ति शिविर आयोजित, 50 स्वयंसेवकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर 25 नवंबर से 1 दिसबंर तक ग्राम पंचायत खुरसुनी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 स्वयंसेवकों के हिस्सा लिया।

■ सफाई, चबूतरा निर्माण, कुओं की सफाई और सार्वजनिक स्थानों का सौंदर्यीकरण

शिविर में स्वयंसेवक प्रातः 5 बजे से प्रभातफेरी रैली में देशभक्ति गीत नारा और नशा मुक्ति से सम्बंधित नारे लगाकर गांव के गलियों का भ्रमण किया। योग एवं पीटी परेड परियोजना कार्य के अन्तर्गत गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों स्कूल परिसर, पंचायत मंदिर तालाबों की साफ–सफाई चौक चौराहों गलियों नालियों आंगनबाड़ी हैंडपंप के पास सोख्ता गड्ढे का निर्माण चबूतरा निर्माण कुओं की सफाई एवं सौंदयऍकरण जैसे कार्य किए। बौद्धिक परिचर्चा में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन दिया एवं उनकी जिज्ञासा का समाधान किया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति और परम्पराओं पर आधारित गीत और नृत्य व नशा मुक्ति अभियान के तहत नाटक की भी प्रस्तुति हुई। रात्रि में कैंप फायर शिविर का रात्रि समारोह का भी आयोजन किया गया।



अंतिम दिवस दोपहर 3 बजे से समापन समारोह मां सरस्वती और युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता रही। वहीं विशिष्ट अतिथि रिसर्चर पुष्पेन्द्र साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत खुरसुनी उर्वशी निषाद, सेवानिवृत्त शिक्षक टेकराम, रोहित साहू, टेकेश्वर देशमुख, महेश निषाद, पंच टिकेश्वरी, महेश्वरी, अतिथि क्रीड़ा सहायक केशव पटेल, अतिथि व्याख्याता गणित विभाग यशोदा साहू उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन ने सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों में किए गए कार्यों की जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सोमाली गुप्ता ने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र और सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुनी योगेश्वर साहू द्वारा सभी स्वयंसेवकों को मां भारती का तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आभार शिविर नायिका फलेश्वरी साहू ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविर के संचालन और व्यवस्था में शिविर नायिका फनेश्वरी साहू, उप शिविर नायक कुलेश ठाकुा, अनुशासन प्रभारी रागिनी साहू, कार्यालय प्रभारी नम्रता जांगड़े, माधुरी ठाकुर, मेस प्रभारी भूमिका ठाकुर, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र ठाकुर, सांस्कृतिक प्रभारी सुनिधि निर्मलकर, सांस्कृतिक सह प्रभारी ईशा चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

इस अवसर पर राकेश कुमार, सुदर्शन साहू, शुभम् देशमुख, भानु प्रकाश देशमुख, जागृत, अजय, वैभव देशमुख, सूरज नागवंशी, हेमचंद भारती, राज्य स्तरीय पुरस्कृत स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, प्रणव तिवारी, रूपम बोरकर, व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

---

# ढाबों में अवैध शराबखोरी रोकने की उठाई मांग: जनपद अध्यक्ष

**गुरूर।** जनपद क्षेत्र में स्थित ढ़ाबो में खुलेआम शराब बिक रहा है, इन ढ़ाबो के राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित होने से राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार सड़क हादसे हो रहे है। ग्रामो का महौल बिगड़ रहा है इस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए। उक्त बाते जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कही। जनपद अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ग्राम पुरूर, बालोदगहन, चंदनबिरही, चिटौद, भरदा सीमा क्षेत्र मे दर्जन भर से अधिक ढ़ाबा संचालित है। इनमे से अधिकांश मे खुले आम शराब परोसी जाती है एवं अवैध रूप से शराब का विक्रय होता है।



सुनीता संजय साहू ने कहा सबसे खतरनाक स्थिति ग्राम बालोदगहन एवं चिटौद स्थित ढ़ाबो की है, यहां शराब के नशे में कई बार विवाद व मारपीट जैसी स्थिति निर्मित हो चुकी है। सुनीता साहू ने कहा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मे स्थित इन ढ़ाबो के कारण क्षेत्र में हादसे भी लगातार हो रहे है। खुलेआम शराब बेचते एवं पीने के कारण वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते है लेकिन उनकी नियमित चेंकिग नही होती। आरोप है कि इन अवैध शराब विक्रेता ढ़ाबो मे शराब दुकानो से आपूर्ति हो रही है। दावा किया जा रहा है कि शराब दुकानो मे बिक्री बढ़ाने का दबाव रहता है जिसके कारण दुकान से जुड़े लोग ही अवैध रूप से शराब की बड़े पैमाने मे आपूर्ति करते है। दावा किया जा रहा है कि यदि शराब दुकानो मे लगे सीसीटीव्ही कैमरो की जांच की जाए तो शराब दुकानो मे इसकी पुष्टी हो सकती है।

सुनीता साहू ने कहा ढाबो एवं ग्रामो मे अवैध शराब बिक्री से ग्रामो का माहौल भी लगातार खराब हो रहा है। ग्रामो मे विवाद लड़ाई, झगड़ा के मामले लगातार सामने आ रहे है। कई मामले तो थाना तक नही पहुंचते। अवैध शराब के कारण ग्रामो में शाम के समय बच्चीयो एवं महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होने बताया छोटे छोटे बच्चों को खेत खलिहान, सड़क किनारे शराब के खाली बोतल बिनते देखा गया है। इसका बाल मन पर विपरीत असर हो रहा है। सुनीता साहू ने कहा पुरूर एवं भरदा क्षेत्र के ढाबों मे अवैध शराब बिक्री को तत्काल रोका जाए।

---

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर बैटरी चलित ट्रायसायकिल, वॉकिंग स्टिक और बैसाखी बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को आवश्यकतानुसार बैटरी चलित ट्रायसायकल, वॉकिंग स्टिक एवं बैसाखी का वितरण किया गया।

■ सचिव व्यवहार न्यायाधीश और नगर पालिका अध्यक्ष ने कार्यक्रम में भाग लिया




कार्यक्रम में सचिव व्यवहार न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित थे। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 03 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को शॉल–श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में आवश्यकतानुसार पात्र दिव्यांगजनों को 15 नग बैटरी चलित ट्रायसायकल, 04 नग वॉकिंग स्टिक, 03 नग बैसाखी, 02 नग श्रवण यंत्र, 01 नग व्हीलचेयर अतिथियों के द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

---

**ताम्रध्वज द्वारा आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे**

# पाऊवारा में भागवत कथा की शुरुआत निकाली शोभायात्रा, भक्तिमय रहा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व.कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में गृह ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ यात्रा निकाली, जिससे पूरा वातावरण धार्मिक रंग में रंग गया।

यात्रा ग्राम पाऊवारा के शीतला मंदिर, राम मंदिर,शक्ति माता, लक्ष्मी मंदिर एवं शिव मंदिर से कथा स्थल मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पहले दिन कथावाचक श्री निरंजन महाराज ने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और यह मनुष्य को भवसागर से पार कराने वाली मरणोत्तर मुक्ति का साधन है। उन्होंने कहा कि वेदव्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्रों से परिपूर्ण इस महापुराण की रचना मानव कल्याण के लिए की थी। कथावाचक श्री निरंजन महाराज ने धुंधकारी और गोकर्ण प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार गोकर्ण ने भागवत कथा के माध्यम से अपने भाई धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई।





यह प्रसंग भागवत कथा की महिमा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जो श्रद्धालु भक्ति और एकाग्रता के साथ कथा का श्रवण करते हैं, उनके जीवन में ज्ञान और भक्ति का संचार होता है,उन्हें आध्यात्मिक शांति का अनुभव प्राप्त होता है। आयोजक प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि कथा सप्ताह भर चलेगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए और कथामृत का लाभ उठाया।

---

# प्रांताध्यक्ष ने गायत्री महायज्ञ की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में होने वाले 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ का निरीक्षण करने प्रांताध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ बिलासपुर बालोद ओमप्रकाश राठौर पहुंचकर यज्ञ स्थल की तैयारी का जायजा लिया। उसके बाद कार्यकर्ताओं की गोष्ठी आयोजित किया गया। पूर्व में बनाए गए कार्य विभाग की समीक्षा किया और आवश्यक निर्देश दिए।

■ यज्ञ स्थल पर पर्याप्त सफाई और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर

उन्होने सभी कार्यों का चेक लिस्ट बनाने और पूर्ण होने वाले कार्यों लिस्ट से अलग करने बचे हुए कार्यों की समीक्षा करने कहा। यज्ञ में लगने वाले सामग्रियों को व्यवस्थित करने और अन्य कार्य को पूर्ण करने। यज्ञ स्थल पर पर्याप्त सफाई और पेयजल की व्यवस्था। साहित्य ब्रह्म भोज को प्रचार प्रसार करने आधी कीमत पर उपलब्ध कराने। अखंड ज्योति, युग निर्माण और प्रज्ञा अभियान के सदस्य बनाने अलग काउंटर बनाने। ग्रीन रुम को व्यवस्थित रखने। अतिथियों की संख्या आधार पर समुचित बैठने की व्यवस्था। 11000 दीप यज्ञ को समुचित रूप से रखने वो जलने वाले कार्यकर्ता की व्यवस्था। सुपर 108 युवा वर्ग का समुचित नियोजन करने दिलीप निर्मलकर प्रभारी होंगे। चिन्मय पंड्या जो शांतिकुंज विश्व विद्यालय के प्रमुख तथा अंतरराष्ट्रीय धर्म और गायत्री प्रचारक है कि 3:30 बजे आने की संभावना व्यक्त किया गया है। मुख्य उद्बोधन चिन्मय का ही होगा, जनप्रतिनिधियों मंत्री, सासंद, विधायक की पृथक बैठक व्यवस्था होगी। चिन्मय पंड्या दीप यज्ञ में पूरे समय उपस्थित रहेंगे।





दशरथ कलिहारी ने कार्यकर्ताओं कहा कि समय कम है ज्यादा समयदान करे जिम्मेदारी से करे। राठौर ने समय से 1 दिन पूर्व सभी कार्य समाप्त करने निर्देशित किया। बाद शांति पाठ कर गोष्ठी समाप्त किया गया।

---

# सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय महाविद्यालय खेरथा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम नाहंदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। तत्पश्चात मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया।

■ सामाजिक जागरूकता का प्रभावी माध्यम है शिविर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत नाहंदा के सरपंच रुपेश सिन्हा ने युवाओं के व्यक्तित्व विकास में एनएसएस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यासर कुरैशी ने स्वयंसेवकों को सेवा, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता की भावना के साथ शिविर में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। एनओबीसी सलाहकार परिषद के सदस्य हरीश कटझरे ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के कमजोर वर्गों तक विभिन्न योजनाओं और जागरूकता गतिविधियों को पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। कार्यक्रम में उपस्थित उपसरपंच दूरपति साहू, सचिव चुन्नूराम सिन्हा एवं पंचायत के सभी पंचगणों ने शिविर के सफल संचालन हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करने की घोषणा की।




कार्यक्रम अधिकारी रूमलाल ने एनएसएस की रूपरेखा और सात दिवसीय गतिविधियों का परिचय देते हुए बताया कि शिविर में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, पौधरोपण, ग्राम-भ्रमण, सामाजिक सर्वेक्षण एवं विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अंत में कार्यक्रम अधिकारी रूमलाल ने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया और शिविर को सफल बनाने में मिल रहे सहयोग की सराहना की।

---

**15 दिवस के भीतर समस्त किराया राशि जमा करने हेतु नोटिस जारी किया जायेगा**

# जीवनदीप समिति की बैठक सम्पन्न, 50 लाख की कार्ययोजना स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अस्पताल परिसर में निर्मित व्यवसायिक परिसर का किराया 33 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। पहले यह 1500 मासिक था। जिसे अब दिसंबर से 2000 कर दिया गया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर के जीवनदीप समिति की साधारण सभा बैठक आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा ने किया। जिसमे जीवनदीप समिति उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर प्रदीप कुमार साहू, अध्यक्ष स्वास्थ्य समिति नगर पंचायत गुरूर नारायण टेके उपस्थिति रहे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरके. सोनकर द्वारा समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि भवन अत्यंत पुराना हो गया है, नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन की महती आवश्यकता है।






जिस पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी गुरूर डॉ. सुनील भारती ने बताया कि वर्तमान में जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर संचालित हो रहा है वह भवन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन है। नवीन भवन निर्माण हेतु स्थल का अवलोकन कर लिया गया है। नवीन भवन निर्माण होने से क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पायेगी। बैठक में जीवनदीप समिति वर्ष 2025–26 के आय–व्यय की जानकारी व कार्ययोजना निर्माण के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। एक्स–रे कक्ष में रेडियेशन से बचाव हेतु पार्टिशन कराने हेतु अनुमोदन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर में आगामी दिवसों में ऑपरेशन, अन्य शल्य क्रिया हेतु ऑपरेशन थियेटर कक्ष की मरम्मत व रंग–रोहण हेतु अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री अस्पताल रूपांतरण कोष अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य, मशीन उपकरण खरीदी हेतु 50 लाख रूपये का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया। जिसके अंतर्गत परिसर में चेकर टाईल्स लगाने, गार्डनिंग कार्य, वाटर हार्वेस्टिंग के तहत पक्की नाली निर्माण, नवीन व्यवसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण कराया जाना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर परिसर में निर्मित कॉम्पलेक्स किराया जो कि पूर्व कार्यकारिणी बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार मासिक किराया 1500 प्रतिमाह को निरस्त करते हुए माह दिसंबर 2025 से नवीन मासिक किराया यथावत 2000 करने का निर्णय सर्व सम्मति से किया गया। जिन किरायेदारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें 15 दिवस के भीतर समस्त किराया राशि जमा करने हेतु नोटिस जारी किया जायेगा। 15 दिवस के भीतर राशि जमा नहीं करने की स्थिति में बेदखली की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा सुनिश्चित किये जाने का निर्णय लिया गया।

अस्पताल परिसर में रिक्त जगह में नवीन कॉम्पलेक्स निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग से प्राकल्लन तैयार कराकर तत्काल निर्माण कराने की कार्यवाही की जाएगी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में विधायक मद से अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 10 लाख रूपयें प्रदाय करने, शव वाहन प्रदाय करने, नवीन शव विच्छेदन गृह मर्चुरी व शव रखने हेत डीप फ्रीजर तथा नवीन एम्बुलेंस प्रदाय करने हेतु व 50 बिस्तर सिविल अस्पताल हेतु प्रस्ताव तैयार कर तत्काल विधायक महोदया को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में विधायक मद से 20 नग 3 सीटर चेयर प्रदाय करने हेतु आश्वासन विधायक महोदया द्वारा दिया गया। संस्था में विगत 10 वर्ष से अधिक समय से जीवनदीप समिति में कार्यरत कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर वेतन प्रदाय करने हेतु प्रस्ताव उच्च कार्यालय को प्रेषित करने हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के सदस्यों सहित लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनपद पंचायत गुरूर के प्रतिनिधी, योगेश कुमार साहू, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, विवेक कुमार देवांगन, प्रभारी लिपिक जीवनदीप समिति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जमीनों के रेट में वृद्धि, आम जनता को परेशान करना : अनुरुध वर्मा

**भिलाई।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे युवा मोर्चा दुर्ग संभाग अध्यक्ष अनुरुध वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कलेक्टर गाइडलाइंस के हिसाब से जमीनों की कीमत में 5 से 9 गुना बढ़ गई है। नई दरें लागू होने से रजिस्ट्री पहले से ज्यादा महंगी हो गई है। इसके चलते पूरे प्रदेश भर में जमीन से जुड़े कारोबारी व्यापारियों वर्गों को विरोध करना पड़ रहा है। नई दरें लागू होने से जमीनें महंगी हो गई हैं, इससे ये साबित होते है कि प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता को परेशान कर उनके घर लेने और बनाने के सपनों को खत्म कर रही है। ऐसा करके सरकार ने आम जनता को नहीं बल्कि ब्लैक मनी रखने वालों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। इससे हम नई कलेक्टर गाइडलाइन को वापस लेने की मांग सरकार से करते हैं।

### बीएसपी के चारों ओर 200 मीटर क्षेत्र ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने उपमहानिरीक्षक सीआईएसएफ यूनिट बीएसपी भिलाई के पत्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दुर्ग जिला अंतर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई की सुरक्षा की दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसामान्य की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के चारों ओर परिधि दीवार से 200 मीटर क्षेत्र को ड्रोन निषेध क्षेत्र घोषित किया है।

### हादसे में युवक घायल

**भिलाई।** कार की ठोकर से बाइक चालक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संध्या दीवान ने पुलिस को बताया कि पुत्र आशुतोष दीवान 29 नवंबर को अपने घर सेक्टर-1 भिलाई से कॉलेज के काम से दुर्ग की ओर जा रहा था। सेवन एम आई लव भिलाई चौक सेक्टर 5 के पास पहुंचा था, उसी समय कार सीजी 07 एमए 4389 का चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी।

### एड्स दिवस पर किया नुक्कड़ नाटक, निकाली गई रैली



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नर्सिंग महाविद्यालय धनोरा में विश्व एड्स दिवस जागरूकता और सक्रिय सहभागिता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य प्रिंस वर्गीस ने एड्स की रोकथाम, जागरूकता और बचाव उपायों पर मार्गदर्शन देकर की। छात्रों और स्टाफ ने मिलकर धनौरा और हनोदा में एड्स जागरूकता रैली निकाली, जहां लोगों को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। रैली के बाद विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों के सामने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। गांव के लोगों ने भी उत्साह से कार्यक्रम में सहभागिता की।

## बैठक : कलेक्टर ने गांव- गांव अभियान चलाने निर्देश दिए

# गन्ना क्षेत्र विस्तार पर कलेक्टर मिश्रा का जोर, गन्ना फसल में अधिक मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि जिले में गन्ना क्षेत्र के विस्तार हेतु सभी संबंधित अधिकारी–कर्मचारी समन्वित रूप से प्रयास करें। गांव–गांव में कृषक चौपाल का आयोजन कर किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले गन्ना लगाने प्रोत्साहित करें।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में गन्ना क्षेत्र विस्तार के संबंध में कृ षि और सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट के अधिकारी–कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देशित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल में अन्य फसल की अपेक्षा पानी का उपयोग कम होता है और मुनाफा अधिक होता है। इसके साथ ही जिला प्रशासन बालोद द्वारा गन्ना क्षेत्र विस्तार हेतु पहल भी की जा रही है। जिसके तहत कृषकों को गन्ना खेती हेतु प्रेरित करने के लिये गन्ना बीज, खेत तैयारी हेतु अनुदान दिया जा रहा है। गन्ना डंठल बीज पर 90 प्रतिशत अनुदान एवं खेत




तैयारी बीज रोपण पश्चात 02 हजार रूपये प्रति एकड़ अर्थात 05 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जा रहा है। कारखाना के ग्रीन हाउस से प्रति पौधा 01 रूपये कृषक अंश राशि पर प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा कृषकों को गन्ना खेत तैयारी के लिए ट्रेक्टर, आधुनिक कृषि यंत्र न्यूनतम किराये पर उपलब्ध करा रही है। कलेक्टर ने कहा कि कृषि सहित अन्य संबद्ध विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारी जिले में गन्ना क्षेत्र विस्तार हेतु बेहतर समन्वय के साथ कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने गन्ना क्षेत्र सहायकों से जिले में पेराई सत्र 2026–27 हेतु नवीन गन्ना क्षेत्रच्छादन के लिए सहमति एवं अनुबंध की क्षेत्रवार जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी मौजूद थे। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जिले में वर्तमान में बोये गए गन्ने की फसल के अतिरिक्त पेराई सत्र 2026–27 हेतु नवीन गन्ना क्षेत्रच्छादन के लिए 01 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना फसल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गांव–गांव में किसानों के बीच जाकर कृषक चौपाल लगाए तथा गन्ना क्षेत्र विस्तार हेतु की जा रही पहल की विस्तृत जानकारी दे। साथ ही गन्ना फसल के फायदे से किसानों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी–कर्मचारियों के समन्वित प्रयास से जिले में निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुरूप गन्ने का विस्तार संभव है।



## धान की खरही में अचानक लगी आग किसानों की चार महीने की मेहनत राख



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

समीप के ग्राम सिवनी (लो) में धान की खरही में अचानक लगी आग ने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया, जिससे लगभग 400 बोरा धान और तीन किसानों के पेरावट पूरी तरह जलकर राख हो गए।

▪ डौंडीलोहारा सिवनी में 400 बोरा और तीन पेरावट जलकर खाक

इस हादसे में किसान भगवान सिंह पटेल का करीब चार महीनों की मेहनत एक पल में स्वाहा हो गई। आगजनी से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। जानकारी के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटों ने किसी को भी मौका नहीं दिया। पेरावट के मालिक चंद्र कुमार पटेल, हरिचंद्र पटेल सहित अन्य किसानों को गंभीर नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम को ग्रामीणों ने फोन पर अवगत कराया। उन्होंने तत्काल टीआई थाना प्रभारी को सूचित कर पुलिस स्टाफ को मौके पर भेजा तथा फायर ब्रिगेड बालोद को कॉल कर तत्काल मदद उपलब्ध कराई।

फायर ब्रिगेड की टीम के पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मौके पर खोमिन साहू, रवि साहू, नेतराम तारम (पूर्व सरपंच सिवनी), डामन भोयर समेत बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे और आग बुझाने में सहयोग दिया। ग्रामीणों ने संकट की घड़ी में त्वरित सहायता के लिए जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, खोमिन साहू और रवि साहू का आभार जताया। अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर लिया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## कोसरिया यादव समाज ने गीता जयंती धूमधाम से मनाई





हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

कोसरिया राउत यादव समाज सर्किल डौंडीलोहारा के तत्वावधान में वनांचल के ग्राम भिमदो में गीता जयंती का पावन पर्व श्रद्धा और उमंग के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यादव समाज के लोगों ने एकता का परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया। धार्मिक मान्यता के अनुसार अगहन मास के शुक्ल पक्ष एकादशी को भगवान श्रीकृष्ण ने महाभारत युद्धभूमि में अर्जुन को कर्म, धर्म और कर्तव्य का उपदेश देते हुए पवित्र गीता ज्ञान प्रदान किया था। इसी स्मृति में हर वर्ष गीता जयंती मनाई जाती है।

▪ आध्यात्मिक भक्ति से सराबोर वातावरण

कार्यक्रम में डौंडीलोहारा सर्किल के विभिन्न आश्रित ग्रामों से लगभग 3500 यादव समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे पूजा-अर्चना के साथ आरंभ हुआ। इसके बाद निकाली गई प्रभात फेरी में पूरे ग्राम का वातावरण आध्यात्मिक भक्ति से सराबोर हो गया। समाज के लोग नाचते-गाते हुए और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा गांव गुंजायमान रहा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिला भेड़िया शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्किल अध्यक्ष सुरेश यादव ने की। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तरम, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, जनपद सदस्य निर्भय भंडारी, जिला यादव महासभा बालोद के अध्यक्ष हिमन यादव, संरक्षक बन्नू राम यादव, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद यादव, सचिव गिरेन्द्र कुमार यादव, अध्यक्ष मधुलता यादव, उपाध्यक्ष ममता यादव, कोषाध्यक्ष सविता यादव, तथा सचिव कमलेश्वरी यादव अपनी गरिमामयी उपस्थिति के साथ शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया तथा आने वाली पीढ़ियों को इस पावन परंपरा से जोड़ने का आह्वान किया।

### महापौर बाघमार ने किया सड़क व नाली निर्माण का निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में आधारभूत संरचना सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चर्च रोड से श्रमवीर चौक तक चल रहे डामरीकरण सड़क निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। लगभग 1 करोड़ 44 लाख की लागत से हो रहे इस विकास कार्य को निगम की प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है।

## ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 20 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक स्व. दयाराम साहू व स्व. लीलाबाई की स्मृति में किया गया है। जिसमे प्रवचनकर्ता संत बल्ला प्रसाद शर्मा होंगे।

परायणकर्ता पंडित घनश्याम शर्मा होंगे। प्रवचन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक व दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जिसमे 20 दिसंबर को कलश यात्र, गौकरण पूजा, बेदी पूजा होगा। 21 दिसंबर को सुकदेव जन्म, परिक्षित श्राप कथा होगा। 22 दिसंबर को धुरव चरित्र, प्रहलाद चरित्र कथा होगा। 23 दिसंबर को वृशभ अवतार, जड़भरत प्रसंग कथा होगा। 24 दिसंबर को कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 25 दिसंबर को श्री कृष्ण बाल लीला कथा होगा। 26 दिसंबर को रूखमणी मंगल कथा होगा। 27 दिसंबर को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्शा, चढ़ौत्री, शोभायात्र निकाला जाएगा। 28 दिसंबर को गीता प्रवचन, नौ कन्या भोज, हवन, पूर्णाहुति होगा। जिसमे ईश्वर लाल साहू, गंगा देवी साहू, बृजलाल साहू, लता बाई साहू, डोमार सिंह, शकुंतला साहू, भिष्म साहू, मोनिका साहू, गुलशन साहू, तारिणी साहू, सुनील दीवान, भारती दीवान, देवेन्द्र, भावना, शेखर दीवान, रूची दीवान, दानीराम साहू, कुशल साहू, बेदराम साहू, मन्नू साहू, खुबलाल साहू, तिलक राम, देवधर, नेहरू राम, दुर्गेश्वर साहू, महेश्वर साहू तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

## सुरक्षा के प्रति संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन का सख्त रुख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र में विगत दिनों कार्यस्थल पर हुई मृत्यु तथा कर्मियों की चोटिल होने जैसी गंभीर दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन ने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ता से दोहराया है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि असुरक्षित कार्य एवं असुरक्षित कार्यप्रणाली के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पहले की तरह आगे भी कड़ाई से लागू रहेगी। इसी संदर्भ में दुर्घटना-जनित परिस्थितियों और सुरक्षा संबंधी चूक की गंभीरता को देखते हुए कठोर प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं। जिसके अंतर्गत सिंटर प्लांट-3 के एक महाप्रबंधक तथा उर्जा प्रबंधन विभाग के एक महाप्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। वहीं उर्जा प्रबंधन विभाग के दो कार्यपालकों को चेतावनी पत्र जारी किए गए हैं तथा प्लेट मिल के दो महाप्रबंधकगणों को एडवाइजरी पत्र प्रदान किए गए हैं। सभी घटनाओं का मूल कारण विश्लेषण किया गया है, ताकि प्रत्येक पहलू का तथ्यपरक मूल्यांकन हो सके। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाएं पुनः न हों, इसके लिए आवश्यक सुधारात्मक और निवारक उपायों की रूपरेखा तैयार कर संबंधित विभागों को कड़ाई से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। संयंत्र प्रबंधन ने यह स्पष्ट किया है कि सुरक्षा संस्कृति को मजबूत बनाना प्रत्येक स्तर पर सामूहिक उत्तरदायित्व है, और किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुरक्षित व्यवहार को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

▪ असुरक्षित कार्यप्रणालियों पर निर्णायक कार्रवाई

## बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की आम बैठक में हुई अहम बिंदुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की 63वीं आम सभा की बैठक 1 दिसंबर को सुबह 10.45 बजे प्रगति भवन में हुई। बैठक में एनके बंछोर, सेफी चेयरमैन और बीएसपी ओए प्रेसिडेंट और अंकुर मिश्रा, बीएसपी ओए जनरल सेक्रेटरी की गरिमामयी मौजूदगी में रिटायर्ड बीएसपी अधिकारियों के सामने आने वाले इन बेहद संवेदनशील मामलों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। बैठक में बीएसपी हॉस्पिटल का निजीकरण, ईपीएस 95 पेंशन, बीएसपी क्वार्टर रिटेंशन स्कीम को अचानक बंद करना, सेक्टर 6 के 2बी टाइप क्वार्टर के लगभग 140 लीज़ होल्डर्स को रुआबांधा सेक्टर के घटिया और टूटे-फूटे क्वार्टर में शिफ्ट होने के लिए मजबूर करना, जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। एक्स-ओए अध्यक्ष एसआर दास ने उपरोक्त 4 संवेदनशील मुद्दों पर संक्षिप्त अपडेट देते हुए ईपीएस 95 के तहत उच्च पेंशन पर माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसला 1 जनवरी 2017 से बढ़ी हुई ग्रेच्युटी के लिए दायर मामले पर दिल्ली उच्च न्यायालय में सुनवाई की स्थिति 31 अक्टूबर 25 को सीएमओ प्रभारी के साथ अस्पताल के मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की। सेफी के चेयरमैन एनके बंछोर ने ऊपर बताए गए 4 बहुत संवेदनशील मुद्दों पर बिस्तृत जानकारी दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बीएसपी हॉस्पिटल के आउटसोर्सिंग/प्राइवेटाइजेशन के मामले में काम हो रहा है और रिटायर्ड अधिकारियों, हॉस्पिटल के डॉक्टरों और स्टाफ के हितों की रक्षा के लिए पूरी कोशिश करेंगे। एमडी इंडिया भिलाई यूनिट के इंचार्ज मोहम्मद हुसैन ने सदस्यों को सेल मेडिक्लेम स्कीम 2025-26 के कुछ नियमों के बारे में बताया। मीटिंग में एक्स-ओए के जनरल सेक्रेटरी जेबी पाटिल और वाइस प्रेसिडेंट आरबी गुप्ता, सीनियर मेंबर आरके गजपाल, एनएल शर्मा, आरके मरकाम, अरुण भंडकर, एके नाथ आदि शामिल हुए।

## पेज 11 के शेष

### महाविद्यालय में जनजातीय ...

और आध्यात्मिक योगदान की भी गवाही देता है। जनजातीय समुदायों ने भारतीय समाज की समृद्धि और विविधता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसका स्मरण रखना, अनुसरण करना और सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। शहीद वीर नारायण सिंह, भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती जैसे वीर जनजातीय नेताओं ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया, जिनके बलिदानों को इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया।

### वृद्ध महिला को कुचलने ...

बालोद में धारा 105 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए.एफ. 8199 के चालक ग्राम मेढ़की निवासी लेखराम ठाकुर नशे में होना प्रतीत होने से जिला अस्पताल बालोद मे मुलाहिजा कराया गया। मुलाहिजा रिपोर्ट में डॉक्टर ने शराब सेवन करना लेख करने से मोटरयान अधिनियम की धारा 185 एम.व्ही.एक्ट जोड़ा गया। आरोपी ट्रक चालक के पेश करने पर ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए.एफ. 8199 एवं ड्रायवींग लायसेंस जप्त किया गया। आरोपी लेखराम ठाकुर गिरफ्तार कर जुर्म अजमानतीय होने से आरोपी के परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना देकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय को पेश किया गया है। न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, प्रधान आरक्षक योगेष सिन्हा, प्रधान आरक्षक दुर्योधन यादव, आरक्षक मुकेश यादव, मोहन कोकिला, नागेष साहू, लक्ष्मी पटेल का सराहनीय भूमिका रहा।

### कार में अज्ञात लोगों ...

आवाज उठाना है बोले तब मैं उन लोगों को लिखित में संगठन व पत्रकार संघ में शिकायत आवेदन करने का राय दिया तो तीन अज्ञात व्यक्ति मेरे घर से चले गये। मुझे आशंका है मेरे कार को मेरे घर शाम को आये अज्ञात 03 लडको के द्वारा जलाया गया है।

## जमीन के बाजार मूल्य में विरोध करने वाले कारोबारियों का धरना खत्म, अब कांग्रेस मोर्चे पर

# प्रदर्शनकारियों को रात में छोड़ा, 3 हुए अंडर ग्राउंड, सुबह पांच को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को लेकर जेआरडी स्कूल के सामने धरने पर बैठे जमीन कारोबारियों का आंदोलन समाप्त हो गया है। सोमवार को चक्काजाम, पुलिस से झूमाझटकी, लाठी चार्ज और अन्य घटनाक्रम के बाद पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया था। उन्हें रात को छोड़ दिया गया। इस बीच धरना स्थल पर लगे पंडाल को भी उखाड़ दिया।

मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे पुलिस अचानक इस मामले में आरोपी बनाए गए लोगों के घर पहुंचने लगी। इस दौरान अनिल वासनिक उम्र 43 वर्ष अम्बेडकर नगर, विक्की चंद्राकर उम्र 32 वर्ष शीतला नगर, दिनेश पाण्डेय उम्र 35 वर्ष गयानगर, राकेश यादव उम्र 38 वर्ष गयानगर, जितेन्द्र बत्रा उम्र 41 वर्ष सिंधी कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। मामले में मनोज राजपूत और सिद्धु कोटवानी को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। वे अंडरग्राउंड हो गए हैं। उनका आरोप है कि जब उन्हें शाम को जमानत पर रिहा किया गया था, तो भी रात में गैरजमानती धाराएं क्यों लगाई गई। जानबूझकर जनता को परेशान करने के उद्देश्य से प्रोटेस्ट को समाप्त करने के लिए ऐसा किया गया। बता दें कि पिछले करीब 7 दिनों से लगातार जमीन कारोबारी प्रदर्शन कर रहे थे। घटना के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस ने खुलकर समर्थन दिया है। देवेंद्र यादव ने समर्थकों के साथ 4 दिसंबर को भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की है। मामले में पुलिस ने धारा 221, 126(2), 191(2) बीएनएस पंजीबद्ध के तहत कार्रवाी की है। इसमें धारा 121(1),132 61(2). 125 (क) जोड़ी गई।




### हमारा विरोध शांत है, लेकिन कमजोर नहीं

इस मामले में मनोज राजपूत, सिद्धु कोटवानी, राहुल शर्मा, श्रीकांत सिंदेकर ने कहा कि हमारा विरोध शांत है, लेकिन कमजोर नहीं है। जिस प्रकार से प्रशासन ने इसे कुचलने का प्रयास किया, इसका हिसाब प्रदेश की जनता लेगी। हम मामले को न्यायालय जाएंगे। एक-एक वीडियो, फोटो, विजुअल से न्यायालय को अवगत कराएंगे। शासन के इस निर्णय से किसान, छोटे व्यापारी, आम नागरिक, युवा सभी परेशान है। बिना किसी दावा आपत्ति और सिफारिशों को ध्यान रखे इस आदेश का लागू किया गया है। यह लोकतंत्र नहीं डिक्टेटरशिप है।

### आम नागरिक पर लाठी चार्ज कांग्रेस लेगी हिसाब

कांग्रेस के जिला धीरज बाकलीवाल ने मंगलवार को इस मामले में प्रभावित हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लाठी चार्ज की घटना निंदनीय है। छत्तीसगढ़ की जनता से वादा खिलाफ भाजपा सरकार कर रही है। आंदोलन कर रहे जमीन कारोबारी किसानों और आम नागरिक पर लाठी चार्ज करना दमनकारी नीतियों का परिचायक है। कांग्रेस इसका हिसाब लेगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी में इस विषय को रखा जाएगा। प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। सरकार को यह निर्णय वापस लेना ही होगा।

**Chhattisgarh State Officer, Gurur, District-Balod (Chhattisgarh), 73386**

**Name Change/Correction+Affidavit**

Bhimsingh Sahu A. Baliram Sahu, Age 56 Years, Caste Teli, Village Kolihamar, Tehsil Gurur District Balod (CG)

I, the aforesaid deponent, do solemnly state:-

(1) That my name and address are as above.

(2) That my Army Number- 1480243W, Rank is Naik.

(3) That my son's original and real name is Vivek Sahu as recorded in his Aadhaar card No. 2256 5746 1493 and marksheet, which is true and correct.

(4) That my son's name has been mistakenly entered as Vivek Kumar Sahu in my PPO, which is wrong and erroneous.

(5) That my son's name must be entered on my pension payment order as Vivek Sahu. Vivek Kumar Sahu and Vivek Sahu are the same person, and no other person.

(6) That I have been required to produce this affidavit in the ASC Records, South Bangalore (Karnataka). I hereby respectfully submit this affidavit.

**Verification:-** **swearer**

I, the aforementioned deponent, hereby certify that all the facts stated in clauses 1 to 6 of this affidavit are true and correct. I have read and presented them before you and verified them by signing them at Muqaam **Gurur today, 24/11/2025.**

**Bhimsingh sahu**
**swearer**

**न्यायालय- न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, बालोद (छ.ग.)**

**// समंस //**

प्रोसेस क्र.- 173/2025, प्रकरण क्र.- 03/2025
पक्षकार- लक्ष्मीनारायण **विरूद्ध** आम जनता
धारा-10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम
पेशी तिथि 07.01.2026

**आवेदक-** 01. लक्ष्मीनारायण, पिता- स्व. भूखनलाल, जाति- लोहार, उम्र- 51 वर्ष निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरौद, थाना- बालोद. तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) 02. गुरूदीप, पिता स्व. बनवाली जाति लोहार, उम्र 07 वर्ष नाबालिक वली पालक नाना लक्ष्मीनारायण, पिता स्व. भूखनलाल, जाति लोहार, दोनों निवासी ग्राम खुर्सीपार पो तरौद, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.)

**विरूद्ध**

**अनावेदिका** – आम जनता (जिसका संबंध हो) (गुरूदीप, पिता स्व. बनवाली, उम्र 07 वर्ष, जाति लोहार, निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरीद, तह, व जिला बालोद (छ.ग.) जिसका आवेदक को सरंक्षक घोषित किया जाना है।)

**उपरोक्त आवेदक-** लक्ष्मीनारायण पिता स्व. भूखनलाल, जाति लोहार, उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरौद, थाना बालोद, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा गुरूदीप, पिता स्व. बनवाली, उम्र 07 वर्ष, जाति लोहार, निवासी ग्राम खुर्सीपार, पो. तरौद, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) के लिए आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 10 संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम वास्ते अवयस्क का संरक्षक नियुक्त करने बाबत आवेदन पत्र पेश किया है।

आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि, यदि आपको इस संबंध में कोई हक या किसी प्रकार से अधिकार प्राप्त हो तो, आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस अदालत में सुनवाई दिनांक 07.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना बचाव सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। यदि आप उक्त नियत दिनांक को समय पर उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में होगी। यदि उक्त नियत दिनांक को कोई अवकाश घोषित हो जाए अथवा न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो आवेदन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी।

आज दिनांक 31/10/2025 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**स्थान- बालोद**
**दिनांक- 31.10.2025**

मुहर

**योगेश पारीक**
**न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय बालोद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### मोखा में शिव महापुराण का विधिवत शुरुआत

**गुरूर।** ग्राम मोखा गुरुर मे 2 दिसंबर मंगलवार को शिव महापुराण आयोजन के शुभारम्भ अवसर पर पूर्व सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर मोहन मंडावी का आगमन हुआ। साथ मे भाजपा संचार विभाग अजेंद्र साहू, सरपंच बोहारडीह राजेंद्र साहू, युवा भाजपा मंत्री प्रमोद सिन्हा अतिथि के रूप मे शामिल हुए। शुभारम्भ अवसर पर मोहन मंडावी नें शिव महिमा के बारे बताया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मोखा के सरपंच अश्वनी युगल किशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव कांशीराम कलिहारी, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा, घनाराम यादव, शिव शक्ति महिला समूह की माताए, मंच संचालक शिक्षक मनीराम साहू, श्यामरथ सिन्हा समस्त ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### स्कूल में न्योता भोज कराया गया



**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी में शिक्षिका प्रीतिमाला नेताम ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर स्कूल में बच्चो को न्योता भोज दिया। इस अवसर शाला के प्रधान पाठिका सारिका चौधरी ने शाला परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### सर्वसम्मति से हुआ सेन समाज चुनाव



**गुरूर।** सेन भवन गुरुर में सेन समाज इकाई गुरुर का सामाजिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष रामभगवान सेन, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार सेन, कोषाध्यक्ष मदनलाल सेन, सचिव संतोष कुमार सेन, महासचिव संजय कुमार सेन को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। ब्लाक के पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार सेन, राजेश्वर सेन, कमलेश कुमार सेन, नन्द कुमार सेन, देव सिंह सेन उपस्थित थे।

### युवक से गाली-गलौज और मकान में की तोड़फोड़ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** युवक ने पड़ोसी पर हमला करने की कोशिश की, जिसमे नाकाम रहने पर खिड़की में लगे कांच को तोड़ दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 296, 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम टेकापार निवासी हरीश कुमार बर्मन ने पुलिस को बताया कि 02 दिसंबर को मैं अपने घर पर था। शाम करीबन 06.30 बजे मेरा पड़ोसी रोहन जोशी जो मेरे घर में आकर गाली गलौज कर रहा था, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर रोहन जोशी मेरे घर से निकलकर अपने घर तरफ से कुल्हाड़ी लेकर आकर तुझे जान से मार दुंगा बोलते हुये हमला करने की कोशिश करते हुये मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दे रहा था एवं घर के खिड़की में लगे कांच को कुल्हाड़ी से मारकर तोड़फोड़ किया है। उक्त घटना की जानकारी पुलिस थाना बालोद में फोन के माध्यम से देने पर, पुलिस वाले आये तब रोहन जोशी मेरे घर के सामने से भागा है।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रुकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, श्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी घोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

## जायजा

**किसानों से संवाद कर कलेक्टर ने जानी खरीदी केन्द्रों की वास्तविक स्थिति**

# कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी के कार्य का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

■ व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र भंवरमरा, रेंगाडबरी, मंगचुवा और डौण्डीलोहारा में आकस्मिक रूप से पहुंचकर, वहां चल रहे धान खरीदी के कार्य सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री हेतु पहुंचे किसानों से धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों, समिति प्रबंधकों तथा निगरानी दल में शामिल सभी अधिकारी–कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में केवल साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों, निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिदिन धान खरीदी केन्द्र में अनिवार्य रूप से संपूर्ण व्यवस्था की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों के साथ धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों द्वारा किसानों द्वारा लाए गए धान का नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान का आर्द्रता परीक्षण भी किया गया। कलेक्टर ने किसानों को केवल साफ–सुथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान को ही बिक्री हेतु खरीदी केन्द्रों में लाने की समझाईश दी।



उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक जारी किए गए टोकन एवं गेटपास के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऑफलाईन माध्यम से प्राथमिकता के साथ अति वृद्ध, निरक्षर एवं किसानों के पास स्मार्ट फोन उपलब्ध नही होने पर ही उनका टोकन जारी किया जाए। कलेक्टर ने धान की गुणवत्ता बनाए रखने उसकी साफ–सफाई कराने तथा गेट पर ही धान की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र भंवरमरा में धान का नमी माप कराया तथा गुणवत्तायुक्त धान खरीदी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा लाए जा रहे धान साफ–सुथरे हो। निर्धारित मात्र में ही धान की तौलाई करें। इसके लिए उन्होंने निगरानी समिति के सदस्यों को समय–समय पर जांच करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने धान के रकबे, किसानों की संख्या, एग्रीस्टेक पंजीयन तथा अब तक धान विक्रय कर चुके किसानों की संख्या की जानकारी मिली। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र रेंगाडबरी में स्टेकिंग और तौलाई की व्यवस्था व्यवस्थित मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने वहां धान विक्रय हेतु पहुंचने वाले शत प्रतिशत किसानों का गेटपास जारी करने तथा किसानों द्वारा लाए गए धान की गुणवत्ता देखने के पश्चात ही खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान विक्रय कर चुके किसानों का रकबा समर्पण भी तत्काल सुनिश्चित करें।

कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र मंगचुवा में तथा धान खरीदी केन्द्र डौण्डीलोहारा में भी आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहाँ टोकन, गेट पास, एग्रीस्टेक पंजीयन आदि के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली तथा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# संगठन और विस प्रभारियों की भाजपा ने की घोषणा






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा बालोद जिले हेतु जिला संगठन प्रभारी एवं तीनों विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की गई है। जिसमे जिला संगठन प्रभारी प्रदेश भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया को भाजपा बालोद जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

■ वरिष्ठ नेत्री संध्या परघनिया बनीं जिला संगठन प्रभारी

साथ ही विधानसभा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जिसमे संजारी बालोद विधानसभा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष दीपक म्हस्के को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है।

गुण्डरदेही विधानसभा के लिए अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छत्तीसगढ़ राकेश पांडे को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। डौंडीलोहारा विधानसभा के लिए अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम छत्तीसगढ़ चंदूलाल साहू को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।

इस संगठनात्मक नियुक्ति पर जिले के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, प्रदेश लघुवनोपज उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू, कृष्णकांत पवार, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, महामंत्री राकेश छोटू यादव, सौरभ लूनिया तथा वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, तोमन साहू, सरस्वती टेमरिया, प्रतिभा चौधरी, तोरण साहू, जिला मीडिया प्रभारी भारतीय जनता पाटएँ जिला बालोद कमल पनपालिया व समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल सदस्य, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# निजी चिकित्सक संघ ने एसडीएम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुरूर के पदाधिकारी, संरक्षक एवं अध्यक्ष ने गुरूर एसडीएम आरके सोनकर से मुलाकात किया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी नोटिश के संबंध में चर्चा की गई। एसडीएम. ने यह कहा कि उच्च अधिकारी के निर्देशों का पालन करना अनिवार्यतः करते हुए यह नोटिश जारी किया गया, जिसका सभी निजी चिकित्सकों को पालन करना अनिवार्य है। निजी चिकित्सकों कहा गया है कि प्रशासन की कार्यवाही में सहयोग करें। इस अवसर पर संघ के संरक्षक हरिकृष्ण गंजीर, अध्यक्ष लीलाराम बनपेला, जिला अध्यक्ष गोपाल साहु, विधि सलाहकार योगेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष बलराम साहू, संरक्षक नारद साहू, उपाध्यक्ष झुमुक साहू, ब्लॉक कोषाध्यक्ष हेमंत ग्वालेंद्र, सहकोषाध्यक्ष प्रकाश साहु, मीडिया प्रभारी उमेन्द्र निषाद, देवव्रत यादव, रत्तीराम साहू, भावेश साहू उपस्थिति थे।



# जनपद सभापति संध्या ने 10 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

10 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण जनपद पंचायत गुरूर सभापति संध्या अजेंद्र साहू के हाथों सम्पन्न हुआ। जनपद पंचायत गुरुर क्षेत्र क्र 8 मे विकास की गंगा बहाने का प्रयास जनपद पंचायत गुरूर सभापति संध्या अजेंद्र साहू किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम खोरदो व अकलवारा मे विकास कार्य को फिर से गति प्रदान करते हुए संध्या अजेंद्र साहू ने अपने जनपद विकास निधि व 15 वे वित्त की राशि से कुल 7 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न किया।

■ खोरदो और अकलवारा में 7 विकास कार्यों की सौगात

इस दौरान जिसमे मन्दिर तालाब के दो पचरी मे शेड निर्माण कार्य 2 लाख, गणेश चौक में कलामंच निर्माण कार्य 2 लाख, मोगरा घर पास सेंटेक्स स्थापना 60 हजार, इग्गल घर पास सेंटेक्स स्थापना 60 हजार, साहू सदन में सेंटेक्स स्थापना 40 हजार, ग्राम अकलवारा मे 3 लाख 70 हजार की राशि से बनने वाली मुक्ति धाम शेड निर्माण कार्य का भूमिपुजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि क्षेत्र क्र 8 खूंदनी की जनपद सदस्य व स्वस्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग जनपद पंचायत गुरुर के सभापति संध्या अजेंद्र साहू थी। अध्यक्षता भाजपा मण्डल मीरीटोला के कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू ने किया। ग्राम पंचायत अकलवारा के सरपंच उत्तरा मरकाम, युवा मोर्चा मण्डल गुरुर मंत्री प्रमोद सिन्हा, खोरदो ग्रामीण अध्यक्ष हेमनाथ साहू, साहू समाज अध्यक्ष हितेंद्र साहू, ग्राम पंचायत के पंच गण सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# विश्व एड्स दिवस पर किया जागरूकता कार्यक्रम



**बालोद/कलंगपुर।** मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में सोमवार को रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसके उपलक्ष्य में पोस्टर, रंगोली, भाषण व प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्रओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्र छात्रओं ने रंगोली के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कल्पना पॉल, सहायक प्राध्यापक डॉ यशवंत साव, सहायक प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर, प्रमोद भारती, डॉ. आशीष द्विवेदी, कमलेश्वर साहू, डॉ वंदना धुरव, अंजनी पैकरा, डॉ. ममिता साहू, सुमन कश्यप, मयंक साहू, अनुराधा सोनी, डॉ रूचि ताम्रकार, प्रदीप साहू, डॉ रमेश साहू, डॉ. मीनाक्षी देवांगन, दामिनी झा, दीपेश, छाया रानी साहू, रूद्र प्रताप सोम, मनीष सागर, दुर्गेश, गुलाब, अंगद एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

**वेतन कटौती को निरस्त करने की मांग की**

# वेतन कटौती के विरोध में आईटीआई कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) डौंडी लोहारा के प्रशिक्षण अधिकारियों एवं अधीक्षकों द्वारा चतुर्थ शनिवार दिनांक 22 नवंबर को किए गए कार्य को नो वर्क नो पे मानकर वेतन कटौती करने के प्राचार्य के स्वेच्छाचारितापूर्ण निर्णय के विरोध में 2 दिसंबर को जिला कार्यालय बालोद में कलेक्टर महोदया को ज्ञापन/शिकायत पत्र सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला कार्यालय में उपस्थित सभी सदस्यों ने आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में सर्वसम्मति से आईटीआई डौंडी लोहारा में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के संरक्षक पी.आर. यादव, जी.आर. चंद्रा, प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा, महामंत्री विजय लहरे, दुर्ग संभागाध्यक्ष



आनंद कुमार श्रीवास्तव, बालोद जिला अध्यक्ष गोविंद मानिकपुरी, तथा छत्तीसगढ़ आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष विनोद साहू उपस्थित रहे। जिला शाखा बालोद की ओर से कर्मचारी नेता राकेश देवांगन, आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ बालोद जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश कश्यप के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से ओमप्रकाश देवांगन, पूषालाल साहू, चंद्रकुमार देशमुख, लव कुमार सिंह, जयंती कुर्रे, फनिल कुमार, टिकेश्वर कुमार, वीरेंद्र कुमार बघेल, शिवेंद्र यादव, प्रवीण कुमार सिन्हा, कमलेश वर्मा, गुलाब कुर्रे, नीरज कुमार, कुमेश ठाकुर, पूर्णिमा ठाकुर, शीतल साहू, सेबिया साहू, भामिनी डहरिया, भूपेंद्र कुमार चुरेन्द्र, निर्मला गायकवाड, पूजा रानी, गोपेश कुमार सोनवानी, राज्यश्री जोशी, निजामुद्दीन, डी.आजी माधवी, कविता पर्घनिया, आर.के. कोशले, योगेश सिंह, अनिल कुमार साहू, एस.के. बघेल सहित अन्य कर्मचारी साथी शामिल रहे। कर्मचारियों ने वेतन कटौती को अनुचित बताया और मांग की कि प्राचार्य द्वारा लिए गए निर्णय को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए।

# सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के नवाचारी व्याख्याता अजय पाठक व हेपशीबा एंथोनी ने नियमित विद्यालय आने की प्रवृत्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से नवाचार करते हुए यह घोषणा की थी कि प्रत्येक माह कक्षा में जिन जिन विद्यार्थियों की सबसे अधिक उपस्थिति होगी।

■ टटेंगा स्कूल में नवाचार से बढ़ी नियमितता और बचत की सीख दी

उन्हें आकर्षक उपहार से पुरस्कृत किया जाएगा। इसी क्रम में विद्यार्थियों को पैसे के महत्व को समझाने, बचत व आर्थिक अनुशासन को जीवन में उतारने की शिक्षा देने के लिए जुलाई से नवंबर तक सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को गुल्लक दे कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 वीं कला संकाय में हिमानी व कुसुम ने सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने में प्रथम तथा अंजली साहू व कुमकुम दूसरे स्थान पर एवं 12वीं वाणिज्य संकाय में रोशन कुमार व कुलदीप ने सबसे अधिक तथा रूखमणि व डिंपल दूसरे स्थान पर उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने दोनों व्याख्याताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बहुत सुंदर नवाचारी आयोजन है। गुल्लक और विद्यार्थियों का बड़ा गहरा संबंध है। गुल्लक से विद्यार्थी अपनी छोटी-छोटी बचत को बड़े वित्तीय लाभ के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। यह वित्तीय अनुशासन को व्यावहारिक रूप में बदलने का अच्छा तरीका है। वरिष्ठ व्याख्याता टी एल देवांगन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गुल्लक में पैसे इकट्ठा करके आप सामाजिक कार्यों में योगदान दे सकते हैं या अपनी जरूरत को भी पूरा कर सकते हैं। यह प्रवृत्ति सभी में बचत के भाव को बढ़ाती है तथा यह धन प्रबंधन का पहला पाठ पढ़ाने वाला शैक्षणिक उपकरण है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के अलावा भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन उपस्थित थे।



## विधायक ने स्वास्थ्य शिविर में स्वयं कराया स्वास्थ्य परीक्षण

# स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित हुए विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्राम कोलिहापुरी स्थित शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर उन्होंने स्वयं स्वास्थ्य चैकअप कराया और बच्चों को भी स्वास्थ्य परीक्षण हेतु प्रेरित किया। विधायक ललित चंद्राकर ने उपस्थित सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित कर सामाजिक उत्तरदायित्व तथा जनसेवा के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर से न केवल बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्राप्त होंगी, बल्कि उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा के महत्व के बारे में भी जानकारी मिलेगी। प्रतिवर्ष महाविद्यालय द्वारा अलग-अलग जगहों पर 7 दिवसीय एनएसएस कैंप लगाकर गांव में रचनात्मक कार्य किया जाता है।




विधायक ललित चंद्राकर ने आगे कहा कि सभी अधिकारीगणों और एनएसएस स्वयंसेवकों के सहयोग से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर को समाजहित में एक सराहनीय पहल बताया और कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा यादव, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, एनएसएस सहायक विमल यादव, डॉ. मानसी गुलाटी, नेत्र सहायक अधिकारी अरुण सिंह, डॉ. अभिषेक खरे, जीवन दीप समिति के सदस्य सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, वेद नारायण, आर.के. तिवारी, दिनेश खरे तथा दंत चिकित्सक डॉ. अंकिता खरे सहित सभी स्वयंसेवक छात्राएँ उपस्थित रहीं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411